Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Maize Export Promotion Schemes and Maize based industry in Araria Parliamentary Constituency, Bihar - laid

श्री प्रदीप कुमार सिंह (**अररिया**): मुझे इस बात की ख़ुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में मक्का की खेती बहुतायत मात्रा में होती है, अच्छी फसल होने के बावजूद भी किसान भाइयों को मक्का की पूरी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता हैं, जबकि यह बात ज्ञात होगी कि मक्का से प्रचुर मात्रा में ग्लूकोज, स्टार्च और कॉर्न फ्लेक्स का उत्पादन होता हैं फिर भी सरकार की तरफ से मेरे संसदीय क्षेत्र में एक भी मक्का आधारित उद्योग की स्थापना नहीं की गयी है| मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया, बिहार में मक्का निर्यात संवर्धन योजनाओं को धरातल पर लागू किया जाए जिससे मेरा संसदीय क्षेत्र मक्का निर्यात हब के रूप में विकसित हो सके साथ ही मक्का आधारित उद्योग की भी स्थापना की जाए जिससे मेरे किसान भाइयों को उनकी पूरी फसल का उचित मूल्य मिल सके और मक्के का पूर्ण उपयोग हो सके तथा युवाओं को रोज़गार का अवसर मिल सकें| धन्यवाद|